


# यूआई के लिए आवेदन

बेरोजगारी बीमा लाभ

## बेरोजगारी बीमा लाभ किसे मिल सकता है?

यदि आपने न्यूयॉर्क में काम किया है तो आप बेरोजगारी बीमा लाभ प्राप्त करने के हकदार हो सकते हैं। आपकी निम्नलिखित स्थितियां होनी चाहिए:

- आपने खुद की किसी गलती के कारण नौकरी नहीं खोई है
- क्लेम करने के लिए रोजगार से पहले आपकी पर्याप्त कमाई हो
- आपको तुरंत काम शुरू करने के लिए तैयार, तत्पर और सक्षम होना चाहिए
- आपको सक्रिय रूप से काम की तलाश करनी चाहिए और अपने प्रयासों को (ऑनलाइन या लिखित रूप में) दर्ज करना चाहिए

यदि इस बात से आश्वस्त नहीं है कि आप योग्य हैं, तो आपको जल्द से जल्द आवेदन करना चाहिए। हम इस बात का निर्धारण करेंगे कि आप पात्र हैं या नहीं। पात्रता के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया **dol.ny.gov/unemployment-insurance-claimant-handbook** पर हमारे क्लेमेंट हैंडबुक का अध्याय 2 देखें।

## लाभ के लिए मैं कैसे आवेदन करूं?

बेरोजगारी बीमा लाभों के लिए आवेदन करने का सबसे तेज और सबसे सुरक्षित तरीका है हमारी वेबसाइट **https://unemployment.labor.ny.gov** पर आवेदन करें।

आपको एक NY.gov आईडी का उपयोग करना होगा। NY.gov आईडी बनाने के लिए दिशा-निर्देश लॉगिन पृष्ठ पर दिए गए हैं। यदि आपको अपनी NY.gov आईडी बनाने या उसका उपयोग करने में कठिनाई होती है, तो लॉगिन पृष्ठ पर सचित्र निर्देशों को देखें, NY.gov अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों को पढ़ें, या **800-833-3000** पर कॉल करें सोमवार से शुक्रवार, 8:30 am से 4:30 pm.

आप ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं:

- सोमवार से गुरुवार, 7:30 am से 7:30 pm
- शुक्रवार 7:30 am से 5 pm
- सप्ताहांत पर शनिवार 12:01 am से लेकर रविवार 7:00 बजे तक

आप फ़ोन से भी **888-209-8124** पर कॉल करने फाइल कर सकते हैं जिसका समय है सोमवार से शुक्रवार 8:00 am से 5:00 pm. अनुवाद सेवाओं के लिए 9 दबाएं। TTY/TDD यूजर्स: **800-662-1220** पर एक रिले ऑपरेटर को कॉल करें और ऑपरेटर को **888-783-1370** पर कॉल करने के लिए कहें। वीडियो या अन्य प्रकार के रिले सर्विस यूजर्स के लिए, अपने रिले ऑपरेटर से संपर्क करें और रिले ऑपरेटर को **888-783-1370** पर कॉल करने के लिए कहें।

## मुझे क्या फ़ाइल करना है?

- आपका सोशल सिक्योरिटी नंबर
- आपका न्यूयॉर्क स्टेट ड्राइवर लाइसेंस या मोटर व्हेकिल आइडेंटिफिकेशन कार्ड नंबर (यदि आपके पास है)
- आपका पूर्ण मेलिंग पता और ज़िप कोड
- एक फ़ोन नंबर जिसपर हम आपसे शुक्रवार से शुक्रवार 8:00 am से 5:00 pmके बीच संपर्क कर सकें।
- आपका एलियन रजिस्ट्रेशन कार्ड नंबर (यदि आप संयुक्त राज्य के नागरिक नहीं हैं और आपके पास कार्ड है)
- पिछले 18 महीनों के दौरान आपके सभी नियोक्ताओं के नाम और पता, अन्य राज्यों सहित
- आपके सबसे हाल के नियोक्ता का इम्प्लॉयर रजिस्ट्रेशन नंबर या फेडरल इम्प्लॉयर आइडेंटिफिकेशन नंबर (FEIN), (FEIN आपके W-2 फॉर्म्स पर है)
- यदि आप एक फेडरल कर्मचारी थे तो फॉर्म SF8 और SF50 की प्रतियां
- यदि आप सेना में थे, तो आपका सबसे हालिया सेपरेशन फॉर्म (DD 214)

आप इन सभी दस्तावेजों के बिना भी क्लेम फाइल कर सकते हैं। हालांकि, छूटी हुई जानकारी से आपके पहले भुगतान में देरी हो सकती है।

यदि आप वेब पेज प्रिंट नहीं कर सकते हैं, तो जानकारी को कॉपी करने के लिए कलम और कागज का उपयोग करें।

यदि आप अपना क्लेम ऑनलाइन फाइल कर रहे हैं और अपने लाभ को सीधे अपने बैंक खाते में जमा करवाना चाहते हैं, तो आपको एक चेक की जरूरत होगी, जिसमें आपका बैंक रूटिंग है और उस पर लिखे खाता संख्या की जांच होगी।

## मैं क्लेम फाइल करने में मदद कैसे प्राप्त कर सकता हूं?

यदि आपको कोई विकलांगता है या आपको भाषा की समस्या है और आपको अपना क्लेम फाइल करने में मदद चाहिए, तो किसी दोस्त या रिश्तेदार से मदद ले सकते हैं। हालांकि:

- हर बार आपकी मदद करने और आपके पिन का उपयोग करने के लिए आपको अपना सहायक साथ रखना होगा
- अपने सहायक के कार्यों के लिए आप जिम्मेदार हैं
- सहायक द्वारा मदद किए जाते समय यदि आप उपस्थित नहीं हैं, तो आपको जुर्माना हो सकता है, जिसमें लाभों की जब्ती भी शामिल है

## मैं साप्ताहिक लाभों को कैसे क्लेम करूं/लाभों को कैसे प्रमाणित करूं?

अपना क्लेम फाइल करने के बाद, आपको प्रत्येक सप्ताह अपने साप्ताहिक लाभों का क्लेम करना होगा जितने हफ्ते आप बेरोजगार हैं। आप यह क्लेम या तो ऑनलाइन **https://unemployment.labor.ny.gov** पर कर सकते हैं या हमारे टेल-सर्विस टोल-फ्री **888-581-5812** पर कॉल करके कर सकते हैं।

साप्ताहिक लाभों का क्लेम करते समय, आपसे कई प्रश्न पूछे जाएंगे। इन प्रश्नों का सच-सच उत्तर देना महत्वपूर्ण है, क्योंकि आप श्रम विभाग को यह प्रमाणित कर रहे हैं कि आपके उत्तर सत्य और सही हैं। इसलिए इस प्रक्रिया को "लाभ के लिए प्रमाणन" भी कहा जाता है।

बेरोजगारी बीमा के उद्देश्यों के लिए एक सप्ताह में सोमवार से रविवार तक का समय होता है। अधिकांश लोग रविवार के दिन पिछले सप्ताह के साप्ताहिक लाभ के होता क्लेम करते हैं। हालांकि, आपके पास ऐसा करने के लिए अगले शनिवार तक का समय है।

नियम के अनुसार, आपके क्लेम का पहला हफ्ता प्रतीक्षा का हफ्ता होता है। इस सप्ताह आपको लाभ नहीं दिया जाएगा, लेकिन आपको काम के लिए तैयार, इच्छुक और सक्षमहोना चाहिए और नौकरी की तलाश करनी चाहिए।

## मुझे कब से लाभ मिलना शुरु हो जाएगा?

यदि आप योग्य हैं और क्लेम में कोई समस्या नहीं है, तो अपना क्लेम फाइल करने के बाद पहला भुगतान प्राप्त करने में आम तौर पर तीन से छह हफ्ते का समय लगता है। ऐसा इसलिए क्योंकि हमें आपके आवेदन की समीक्षा और प्रॉसेस करना पड़ता है। आपको इस दौरान लाभ नहीं मिलेगा। यदि आप योग्य पाए जाते हैं, तो आपकोसभी लाभ दे दिए जाएंगे।

## मैं अपने लाभ कैसे प्राप्त करूंगा?

यदि आपने बेरोजगारी बीमा के लिए ऑनलाइन आवेदन किया है, तो आपसे पूछा जाएगा कि क्या आप डायरेक्ट डिपॉजिट या डेबिट कार्ड द्वारा अपने लाभ प्राप्त करना चाहते हैं। यदि आपने फोन पर आवेदन किया है, तो आप डेबिट कार्ड के जरिए अपने लाभ प्राप्त करेंगे। हम चेक द्वारा लाभ जारी नहीं करते हैं।

## अतिरिक्त जानकारी

लाभों के लिए आवेदन करने के बाद, आपको मेल के जरिए एक नोटिस भेजा जाएगा जिसे मॉनेटरी बेनिफिट डिटर्मिनेशन कहा जाता है। कृपया इसे अभी पढ़ें। इसमें इस बात का उल्लेख होगा कि आपके पास बेरोजगारी बीमा की पात्रता के लिए पर्याप्त आय है या नहीं। इसमें यह भी लिखा होगा कि यदि आपकी सभी कमाई नोटिस पर सूचीबद्ध नहीं है तो क्या करें। महत्वपूर्ण: मॉनेटरी बेनिफिट डिटर्मिनेशन यह नहीं कहता है कि आपको निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। यह आपको केवल यह बताता है कि आपके पास पात्रता के लिए पर्याप्त कमाई है या नहीं। यदि आप सभी अपेक्षाओं को पूरा करते हैं, तो बस आपको लाभ मिलने शुरू हो जाएंगे। यदि आप योग्य नहीं पाए जाते हैं, तो आपको हमारी ओर से पत्र भेजा जाएगा।

यदि आप अपना पता और फोन नंबर अद्यतन नहीं रखते हैं तो हो सकता है कि आपको लाभ प्राप्त न हो। बेरोजगारी बीमा पोस्ट ऑफिस द्वारा नहीं भेजा जाता।

सभी प्रश्नावलियों को तुरंत वापस करें ताकि क्योंकि किसी भी देय लाभों में देरी न हो या ये खाजिर न हों।

## अधिक जानकारी के लिए

बेरोजगारी बीमा देखें: इस फैक्ट शीट में चर्चा किए गए विषयों के बारे में अधिक जानकारी के लिए **dol.ny.gov/unemployment-insurance-claimant-handbook** पर क्लेमेंट हैंडबुक देखें। यह हैंडबुक आपको भेज दी जाएगी यदि आप अपना क्लेम फाइल करते हैं।

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न हमारी वेब साइट **dol.ny.gov/claimant-frequently-asked-questions** पर मौजूद हैं।

यदि आपके क्लेम या उसकी स्थिति के बारे में कोई विशेष प्रश्न है, तो हमें **https://unemployment.labor.ny.gov** पर एक सुरक्षित संदेश भेजें। अपने ऑनलाइन खाते में साइन इन करें और माय ऑनलाइन सर्विस पेज के ऊपरी दाईं ओर लिफाफा आइकन पर क्लिक करें। या, **888-209-8124** पर हमारे टेलीफोन क्लेम सेंटर पर कॉल करें। सोमवार और सार्वजनिक छुट्टी के बाद के दिन फोन कॉल के लिए सबसे व्यस्त दिन होते हैं। गुरुवार और शुक्रवार का दिन कम व्यस्त होता है।



न्यूयॉर्क राज्य श्रम विभाग एक समान अवसर नियोक्ता / कार्यक्रम है। दिव्यांग लोगों के अनुरोध पर सहायक सहायता और सेवाएँ उपलब्ध हैं।

NEW YORK STATE OF OPPORTUNITY. Department of Labor